भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 973
सोमवार, 2 दिसंबर, 2024 / 11 अग्रहायण, 1946 (शक)

झारखंड में बेरोजगार युवाओं का सर्वेक्षण

973. श्री नलिन सोरेन:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने झारखंड राज्य में बेरोजगार युवाओं की संख्या का आकलन करने के लिए कोई सर्वेक्षण कराया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ग): रोजगार और बेरोजगारी पर आंकड़े आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से एकत्रित किए जाते हैं जिसे वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित किया जाता है। सर्वेक्षण की अवधि प्रतिवर्ष जुलाई से जून तक है।

वार्षिक पीएलएफएस 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड राज्य के लिए युवाओं (15-29 वर्ष के आयु वर्ग में) के लिए अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) सामान्य स्थिति के अनुसार, 3.6% है।

******